<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**09 जुलाई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का किया शुभारंभ। विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म और स्टेशनरी के लिये जारी किये एक हजार तीन सौ बीस करोड़ रुपए।
- मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में नौ सौ इक्कावन करोड़ रुपए की एक सौ चौबीस विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– ईको टूरिज्म का नया केंद्र बन रहा है चित्रकूट।
- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितता के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी। तीन आरोपियों को रिमांड पर लेकर की गयी पूछताछ।
- वाराणसी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल पर बनाया जा रहा है देश का पहला छह लेन वाला अंडरपास।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना से प्रदेश के बारह लाख शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ दस लाख विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म, जूते–मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी के लिए अभिभावकों के खाते में करीब एक हजार तीन सौ बीस करोड़ रुपए की धनराशि का अंतरण भी किया। इस अवसर पर दस लाख शिक्षकों और संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां इस योजना को लागू किया गया है।

**हर एक शिक्षक को भी, शिक्षामित्र को भी और अनुदेशक को भी एक नई गारंटी दी जा रही है, जिसमें अस्थाई शिक्षक और कार्मिकों को जिनका वेतन ₹10,000 से अधिक है, उन्हें 10 लाख का ग्रुप टर्म इंश्योरेंस कवर, जिसमें 1 करोड़ का पर्सनल एक्सीडेंट कवर, 1 करोड़ का स्थाई दिव्यांगता कवर, 1.6 करोड़ का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर के साथ ही किसी अनहोनी की दशा में शिक्षक या कार्मिक के बच्चों की शिक्षा और पुत्रियों के विवाह के लिए भी ऐड ऑन कवर इसमें प्रदान किया जाएगा। यह एक नई सामाजिक सुरक्षा की गारंटी मिली है।**

प्रदेश के अन्य जिलों में भी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ के मौके पर कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। इस अवसर पर सिद्धार्थनगर जिले में आयोजित कार्यक्रम को डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने सम्बोधित किया। श्री पाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल से शिक्षकों की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के लाखों परिवारों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के लिए आभार जताते हुए जौनपुर के शिक्षक राजेश पांडे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस योजना के माध्यम से शिक्षकों को बड़ी सौगात दी है।

**उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े हुए समस्त शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना की जो शुरुआत की है, यह बहुत ही सराहनीय पहल है। इसके लिए पूरे शिक्षा विभाग की तरफ से सरकार को, माननीय मुख्यमंत्री जी को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। यह योजना लाखों–लाख शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा संबंधी समस्याओं और उनकी चिंताओं का समाधान करेगा।**

वाराणसी के बाद मुख्यमंत्री ने मिर्जापुर में पहुंचकर मां विन्ध्वासिनी देवी का दर्शन पूजन किया और विंध्य कॉरिडोर का निरीक्षण किया। श्री योगी ने विंध्य मंडल के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं से संबंधित सभी प्रस्ताव 15 जुलाई तक शासन को भेज दिए जाएं। श्री योगी ने कहा कि 15 अगस्त तक स्वीकृत योजनाओं के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल चित्रकूट में नौ सौ इक्कावन करोड़ रुपए की लागत वाली एक सौ चौबीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में अब निवेश आ रहा है, जिससे जनपद के विकास को गति मिल रही है।

**अब निवेश यहां भी आ रहा है, क्योंकि अब भय नहीं है। अब तो निवेश का वातावरण है, फोर लेन की सड़कें हैं। एक सुंदर चित्रकूट हम सब के सामने है और वह आज हम सबको यहां पर देखने को मिल रहा है। आज तो यहां पे हम लोग एक पर्यटन के नए केंद्र के रूप में, यानी ये आध्यात्मिक टूरिज्म तो था ही, अब इको टूरिज्म के भी एक नए केंद्र के रूप में इसको विकसित करने के लिए हम लोगों ने यहां पे रानीपुर टाइगर रिजर्व को भी यहां पे के लिए आगे बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया है।**

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितता मामले की जांच कर रही पुलिस टीम ने कल तीन आरोपियों अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पुलिस तीनों आरोपियों को लेकर चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग भी पहुंची। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि से कल कई साधु संतों ने मुलाकात की। मुलाकात के बाद महंत राजकुमारदास ने कहा कि आगामी दिनों में ट्रस्ट में बड़े परिवर्तन होंगे, जिसकी जानकारी जल्दी ही ट्रस्ट द्वारा साझा की जाएगी।

**********

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि वाराणसी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल पर देश का पहला छह लेन वाला अंडरपास बनाया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में कल उन्होंने बताया कि चार सौ पचास मीटर लंबा यह अंडरपास देश की अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। वहां ऊपर विमानों के संचालन के दौरान नीचे सड़क यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का कल ग्यारहवां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में एक हजार दौ सौ छियालिस विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने भाषा विश्वविद्यालय में शुरू होने जा रहे नये कोर्सेस के बारे में चर्चा की।

**ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित भाषाओं के साथ–साथ अब जर्मन, जापानी और चीनी जैसी अंतरराष्ट्रीय भाषाओं का अध्ययन प्रारंभ किया जा रहा है। यह पहल विद्यार्थियों के लिए विश्व के ज्ञान द्वार खोलने के साथ–साथ उन्हें वैश्विक अवसरों से भी जोड़ेगी। इसके साथ ही अवधी भाषा में स्नातक पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का प्रयास विशेष रूप से अभिनंदनीय है।**

**********

प्रदेश में बारह जुलाई को होने वाले पौधरोपण महाभियान को लेकर वन विभाग ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस अभियान के तहत पैंतीस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए प्रदेश की दो हजार छह सौ से अधिक नर्सरियों में सत्तावन करोड़ बासठ लाख पौधे तैयार किए गए हैं। प्रयागराज पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार के प्रयासों से प्रदेश के वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई है।

**पूरी दुनिया इस समय ग्लोबल वार्मिंग के संकट से जूझ रही है और इस बार 35 करोड़ जब हमारे यहां पेड़ लग जाएंगे जब से 9 साल में हम लोग 275 करोड़ पेड़ लगाने का रिकॉर्ड, 35 करोड़ का इस बार का लक्ष्य है, उससे ज्यादा ही लगते हैं जितना लक्ष्य होता है, तो यह हम लगाने का काम करेंगे। उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है वन आच्छादन का जो क्षेत्र है, वो घटा नहीं वो बढ़ा है।**

**********

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में कल हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी वहीं, गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में हल्की बूंदाबांदी का क्रम जारी है। इस अंचल में हल्की हवाओं के चलने के बावजूद उमस का असर कायम है। इस बीच, मौसम विभाग ने तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**********